ई-कचरा प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता रैली आयोजित

हसनगंज (कटिहार) आससे। ई कचरा प्रबंधन रैली में उ उ माध्यमिक विद्यालय हसनगंज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम लोगों को ई-कचरे के दुष्प्रभावों, उसके उचित निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया।जागरूकता रैली के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न घरों और दुकानों पर जाकर लोगों से संवाद किया तथा ई-कचरे के सुरक्षित प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, चार्जर, बैटरी, टेलीविजन और अन्य खराब हो चुके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ई-कचरे की श्रेणी में आते हैं। वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण ई-कचरे की मात्रा में भी लगातार वृद्धि हो रही है। यदि इसका उचित प्रबंधन नहीं किया जाए, तो यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।



विद्यार्थियों ने लोगों को समझाया कि ई-कचरे को खुले में फेंकना, जलाना अथवा सामान्य कचरे के साथ मिलाकर निस्तारित करना पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मौजूद सीसा, पारा और अन्य हानिकारक पदार्थ मिट्टी एवं जल को प्रदूषित कर सकते हैं। इससे न केवल पर्यावरण का संतुलन प्रभावित होता है, बल्कि मानव जीवन, पशु-पक्षियों तथा अन्य जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और बैटरियों को इधर-उधर फेंकने के बजाय अधिकृत ई-कचरा संग्रह केंद्रों अथवा निर्धारित पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाना आवश्यक है।

रैली के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे अपने घरों एवं दुकानों में उत्पन्न होने वाले कचरे का उचित प्रबंधन करें। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा ई-कचरे को सामान्य घरेलू कचरे से अलग संग्रहित करें। खराब मोबाइल, चार्जर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को खुले स्थानों, नालियों, सड़कों अथवा जलस्रोतों के आसपास न फेंकें। साथ ही, उपयोग योग्य उपकरणों की मरम्मत, पुन: उपयोग और ई-कचरे के वैज्ञानिक पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की बचत हो सके और प्रदूषण को कम किया जा सके।विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार भगत ने कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों से आह्वान किया कि वे ई-कचरे के उचित प्रबंधन को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त पर्यावरण तैयार करने में अपना योगदान दें।

डॉ. एनके यादव की कोसी स्नातक चुनाव में लगातार तीसरी जीत

बनमनखी, पूर्णिया (आससे) । कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा समर्थित उम्मीदवार डॉ. एन.के. यादव ने लगातार तीसरी बार प्रचंड जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस हैट्रिक जीत पर पूरे कोसी क्षेत्र सहित बनमनखी भाजपा संगठन में जश्न का माहौल है। बिहार विधान परिषद में इस ऐतिहासिक जीत पर बनमनखी विधायक माननीय कृष्ण कुमार ऋषि जी ने कहा कि यह जीत शिक्षा, संस्कार और विकास की जीत है। स्नातक मतदाताओं ने विपक्ष को नकार कर भाजपा की नीतियों पर तीसरी बार मुहर लगाई है।

बधाई देने वालों में नगर मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष चौरसिया, जदयू अध्यक्ष बीस सूत्री उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मंडल, अवधेश साह, वीरनारायण गुप्ता, लाल बिहारी यादव, वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह, अजय सिंह शिव शिष्य, दिलीप झा, नवनीत सिंह, मंटू दास, राजेश रंजन, गुंजन शर्मा, अमितेश सिंह, दिलीप गुप्ता,शिवशंकर तिवारी,सूरज गुप्ता, महेश पोद्दार, राजू बहरदार, ब्रजमोहन सिंह, वेद प्रकाश, सानू सिंह, नुनुलाल पासवान, टिंकू मंडल, कमलेश शाह, गोवर्धन ऋषि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने कहा कि यह हैट्रिक जीत बनमनखी के प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम का परिणाम है।

प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के प्रति मानसिक दिवालियेपन का शिकार कांग्रेस : प्रवीण कुमार

फारबिसगंज (अररिया) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिवंगत पिता के प्रति मानसिक दिवालियेपन के शिकार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की भाजपा नेता प्रवीण कुमार ने कड़ी निंदा किया है और कहा की लगातार चुनावी हार से हताश कांग्रेस अपनी राजनीतिक खुन्नस प्रधानमंत्री मोदी जी और उनके परिवार पर अनर्गल टिप्पणियों के माध्यम से निकाल रही है। देश और दुनिया में पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के अटूट विश्वास से उपजी विपक्ष की बौखलाहट अब उसकी भाषा और व्यवहार में स्पष्ट दिखाई दे रही है। यहाँ जारी प्रेस बयान में श्री कुमार ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के जनादेश से चुने गए प्रधानमंत्री और उनके परिवार के प्रति ऐसी अमर्यादित बयानबाज़ी न केवल राजनीतिक संस्कारों की कमी दर्शाती है, बल्कि देश की जनता का भी अपमान है। भाजपा नेता ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध होना चाहिए, लेकिन मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं। कांग्रेस को समझना होगा कि नफरत और अपमान की राजनीति से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। देश की जनता ऐसी ओछी राजनीति का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से अवश्य देगी।

Public Health Engineering Department
Public Health Engineering Division, Biharsharif
Govt. of Bihar
SHORT TERM TENDER NIT No –15 /DB&OM(Retender)
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P. H. Division, Biharsharif
2	Date of issue of Tender Notice	26.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	09.11.2026 to 14.11.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	13.11.2026 at 12:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	17.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	17.11.2026 at 15:30Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.

8. Details of works:

Group No	Name of Work	Estimated Cost (in Lakh)	Amount of Earnest Money (in Lakh)	Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs.	BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.)	Completion Period (in months)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Scheme for strengthen of Bhui SVS & 3 WLS Scheme (ward no. 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,&11) in Bhui Panchayat of using treated water of Silao MVS Phase-1 under P.H. Division, Biharsharif	487.587	9.752	10000.00	5900.00	6

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
PR- 014346 (PHED) 2026-27
Executive Engineer
Public Health Division, Biharsharif
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पूर्णिया जिला भारती संतमत सत्संग का 67वां वार्षिक अधिवेशन की तैयारी जोरों पर

बनमनखी पूर्णिया (आससे) । पूर्णिया जिला भारती संतमत सत्संग का 67 वा वार्षिक अधिवेशन को लेकर तैयारी जोरो पर है। जगह जगह तोरण द्वार बन चुका। पोस्टर लगाया जा रहा है। आगामी 03 एवं 04 नवंबर 2026 को गोरेलाल मेहता महाविद्यालय के मैदान में दो दिवसीय संतमत सत्संग पूरनिया जिला भारती को लेकर विशाल पंडाल हेतु बांस बल्ला लगाया जा रहा है इस तैयारी का जायजा लेते संतमत सत्संग पूरनिया जिला भारती के संरक्षक सह समाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर तिवारी,



मंत्री शशि शेखर कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार भगत, प्रचार प्रसार प्रमुख विरेंद्र रजक ने मैदान का जायजा लिया। मंत्री शशि शेखर कुमार ने कहा कि बनमनखी में जिला वार्षिक सत्संग ऐतिहासिक होगा,चुकी शहर के बीचों बीच गोरे लाल मेहता महाविद्यालय के खेल मैदान में सत्संग होने जा रहा है। इस सत्संग में सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के हृदय स्वरूप महर्षि स्वामी शाही स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य आचार्य महर्षि वेदानंद जी महाराज सहित कई साधु महात्माओं का पदार्पण होने जा रहा है।इस अवसर पर वकील मंडल, भवेश कुमार, सोनू कुमार, विजय पासवान आदि।

सोशल मीडिया के दुष्प्रचार और भ्रामक खबरों से बचना जरूरी : मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल

पूर्णिया (आससे) । पूर्णिया के वनभाग स्थित जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने एक प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं, राजनीतिक दुष्प्रचार और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया जनमत निर्माण का एक बड़ा माध्यम बन चुका है, लेकिन बिना सत्यता की जांच किए सूचनाएं साझा करने से समाज में अनावश्यक भ्रम और तनाव पैदा होता है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी खबर, वीडियो या राजनीतिक दावे पर विश्वास करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच जरूर करें। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री डॉ. जायसवाल ने कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों में सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और उसकी नीतियों को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन यह विरोध तथ्यों और जिम्मेदार संवाद पर आधारित होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कथित विदेशी प्रभाव और फॉलिंग से जुड़े मुद्दों पर भी तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच और चर्चा की बात कही तथा देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने की अपील की।

विजय गुप्ता बने बनमनखी प्रखंड उपाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

बनमनखी पूर्णिया (आससे) । बनमनखी प्रखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता को बनाया गया।बनमनखी प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस बुद्धिजीवी एवं नीति समिति के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहरी कुमार आदित्य,नेता विरोधी दल झारखंड राजेश कुमार, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देवनारायण रजक ने संयुक्त रूप से बनमनखी प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर विजय कुमार गुप्ता को मनोनीत



किया. पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देवनारायण रजक ने कहा कि बनमनखी प्रखंड में विजय कुमार गुप्ता के आने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगा.बूथ, वार्ड, पंचायत और प्रखंड स्तर के कमिटी को सशक्त बनाया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद यादव, परमेश्वरी पौदार,भरत यादव, उपेन्द्र मुखिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन पासवान, राजेन्द्र झा उर्फ महात्मा, राजकुमार पासवान,बिमल मिश्रा इत्यादि लोगों ने बधाई दिया।

वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर
केवल ई0 निविदा द्वितीय पद्धति के अनुसार बेवसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
बिहार सरकार
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–10/2026–27

1.	विज्ञापन दाता का नाम एवं पता	:– कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर।
2.	निविदा आमंत्रण की तिथि	:– 23.10.2026
3.	परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) एवं निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय	:– दिनांक–03.11.2026 से दिनांक–25.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
4.	निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय	:– दिनांक–26.11.2026 को 3:30 बजे अपराहन तक
5.	वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय	:– तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6.	प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	:– (1)दिनांक–12.11.2026 के 3:00 बजे अपराहन मे अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर।
7.	परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान	:– वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
8.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:– वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
9.	निविदा वैधता की तिथि	:– 120 दिन।
10.	कार्य की विवरणी:–	

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	ई–निविदा प्रोसेसिंग चार्ज का मूल्य(रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नयी और पुरानी व्यवहार न्यायालय, वैशाली, हाजीपुर के चारो तरफ Concertin Wire के साथ चहारदिवारी की उँचीकरण एवं संतरी पोस्ट का निर्माण कार्य।	51,12,750.00	1,02,300.00	10,000.00	eproc2 बेवसाईट के अनुसार	04 माह

11 इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र वेवसाइट पर www.eproc2.bihar.gov.in पर ही संसूचित किया जायेगा।
12. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी Toll Free No. 18005726571 एवं Email Id: eproc2support@bihar.gov.in पर कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।
13. विस्तृत जानकारी हेतु www.state.bihar.gov.in/prdbihar or www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर
PR- 014349 (BCD) 2026-27
उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से भी प्राप्त की जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

अग्निशमन विभाग की पहल : पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के गुर

कुरसेला (कटिहार) आससे। दीपावली पर आग और आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर अग्निशमन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत क्षेत्र के दो विद्यालयों में पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने विद्यार्थियों को पटाखे जलाने के दौरान सावधानी बरतने और आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अग्निशमन कर्मी लालू कुमार एवं नीतू कुमारी ने बच्चों को बताया कि पटाखे जलाते समय जरा-सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए पटाखे हमेशा खुले स्थान पर जलाएं और ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहें।

बच्चों को सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने तथा दूसरों को भी सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान



अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित स्थान पर जाने और तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना देने की बात कही। उन्होंने बच्चों को आग से बचाव के प्रति सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में समझदारी से काम लेने की जानकारी दी। अग्निशमन विभाग की इस पहल का उद्देश्य दीपावली के दौरान आगजनी और आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है, ताकि लोग त्योहार को सुरक्षित माहौल में मना सकें।

खाद कारोबारी ने बीडीओ पर किया हमला, मामला दर्ज

अमदाबाद (कटिहार) आससे। अमदाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार पर खाद काराबोरी द्वारा हमला करने का मामला थाना पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार बैदा पंचायत के नया टोला गांव स्थित खाद के अवैध कारोबार के यहां गुप्त सूचना पर औचक निरीक्षण करने के दौरान हमला का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार द्वारा अमदाबाद थाना में आवेदन दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि बैदा पंचायत के नया टोला गांव में जाकिर पिता शेख आबीद ग्राम पंचायत राज बैदा द्वारा पश्चिम बंगाल से भारी मात्रा में मिलावटी एवं अप्रमाणित खाद नवनिर्मित एवं शटर युक्त घर में भंडारण किया गया था, जिसकी गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर प्रशासनिक व जब्ती प्रक्रिया में सहयोग हेतु स्थानीय स्वच्छता पर्यवेक्षक मोहम्मद जाकिर हुसैन पिता आबिद को बुलाया गया। निरीक्षण व जब्ती सूची तैयार करने के दौरान ही खाद के अवैध कारोबारी जाकिर एवं उसके परिवार के तमीज, अजाबुल,मोहम्मद फिरोज, सेफुल सहित 50 लोगों ने अपने सहयोगियों के साथ लाठी डंडा, लोहा के रड से लैस होकर मोहम्मद जाकिर हुसैन पर हमला कर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार द्वारा उक्त कर्मी को बचाने का प्रयास किया गया। साथ ही विधि व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया गया कि सभी हमलावरों ने एकजुट होकर उन पर हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने सिर पर अवैध कट्टा सटा दिया। गाली देते हुए गोली मारने की धमकी दी और सोने की चैन भी बलपूर्वक लूट लिया गया। ड्यूटी पर तैनात शास्त्र अंचल गार्ड्स के सरकारी रायफल को छिनने का भी प्रयास किया गया। वहीं सरकारी वाहन पर प्रहार कर इसे क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने थाना में दिए गए अपने आवेदन में 15 नामजद सहित 50 अन्य लोगों को आरोपित किया है। वहीं दूसरे पक्ष के अजाबुल ने कहा कि उसकी दुकान से मोटी रकम गायब हुई है, जिसे लेकर बीडीओ सहित जाकिर पर थाना में आवेदन दिया गया है। थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि बीडीओ के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

लायन डॉ. जगन दास वधवानी एवं दिलीप डोकानिया की स्मृति में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

कटिहार (आससे) । मानव सेवा को समर्पित लायंस क्लब कटिहार द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए कटिहार लायंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में लायन डॉ. जगन दास वधवानी एवं लायन दिलीप डोकानिया की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रात: 8 बजे अस्पताल परिसर में किया गया। शिविर में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए नेत्र रोगियों की जाँच कर जरूरतमंद मरीजों का



सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के पश्चात सभी मरीजों को दोपहर 4 बजे तक डिस्चार्ज कर दवा एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने दोनों दिवंगत पूर्व अध्यक्षों के समाज सेवा में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस शिविर के कमेटी चेयरपर्सन लायन पंकज पूर्वे के नेतृत्व और अथक प्रयासों से शिविर का सफल संचालन किया गया। उनके कुशल प्रबंधन में अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं लायन सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर को सफल बनाने में सभी सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।टीम कटिहार लायंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रभार संभालते ही शिक्षा व्यवस्था सुधारने में जुटीं बीडीओ, बच्चों को पढ़ाया रसायन शास्त्र

कुरसेला (कटिहार) आससे। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार मिलते ही प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की पहल शुरु हो गई है। प्रभार संभालने के बाद उन्होंने प्रधानाध्यापकों और प्राचार्यों के साथ बैठक कर विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नियमित रूप से पढ़ाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बीडीओ ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, दैनिक समय-सारणी और पठन-पाठन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिलने पर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इससे पहले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार पंचायती राज पदाधिकारी शांतनु ठाकुर के पास था।

शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए बीडीओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा ने पूर्वी मुरादपुर पंचायत स्थित बसुहार विद्यालय मजदिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली। साथ ही स्वयं कक्षा लेकर बच्चों को रसायन शास्त्र का पाठ पढ़ाया। उन्होंने शिक्षकों की शिक्षण पद्धति और विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवा काशीपुर में जागरूकता कार्यक्रम

विद्यार्थियों को बताये ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीके

किशनगंज (आससे) । डिजिटल युग में साइबर ठगी के बढ़ते खतरे के बीच थोड़ी-सी लापरवाही मेहनत की कमाई गंवाने का कारण बन सकती है। ऐसे में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। इसी उद्देश्य से उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवा काशीपुर में साइबर थाना की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी के तौर-तरीकों और उससे बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में साइबर थाना के इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, बैंकिंग धोखाधड़ी और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए होने वाली ठगी के प्रति आगाह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। अनजान लिंक पर क्लिक करने और संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से भी बचना चाहिए। साइबर पदाधिकारियों ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई के महत्व पर जोर देते हुए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ठगी का शिकार होने पर बिना देर किए हेल्पलाइन पर संपर्क करें और साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करने की भी सलाह दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका कुमारी गुड्डी तथा शिक्षक अर्जुन कुमार की उल्लेखनीय सहभागिता रही। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों को समझा।

विद्यालय की यह पहल विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उनके माध्यम से अभिभावकों और समाज तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखें, अनजान लिंक से दूर रहें और साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें।सतर्कता अपनाएं, अपनी मेहनत की कमाई बचाएं।

पोषण ट्रैकर से सत्यापन के बाद लाभुकों को बांटा गया टेक होम राशन

कुरसेला (कटिहार) आससे। प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान पोषण ट्रैकर के माध्यम से फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से पात्र लाभुकों की पहचान कर राशन वितरण की प्रक्रिया अपनाई गई। अधिकारियों और क्षेत्रीय कर्मियों ने केंद्रों पर पहुंचकर वितरण व्यवस्था



का निरीक्षण किया। इस दौरान वितरण की स्थिति संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान पात्र गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए निर्धारित मात्रा में पोषाहार वितरण की व्यवस्था देखी गई। लाभुकों को चावल, सोयाबीन, तेल, दाल, मसाला और नमक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का जायजा लिया गया। इस दौरान विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने और वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरसेला ने बताया कि पात्र लाभुकों तक निर्धारित मानकों के अनुरूप पोषाहार पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। पोषण ट्रैकर और एफआरएस प्रणाली के उपयोग से लाभुकों की पहचान सुनिश्चित करने के साथ वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण की निगरानी की जा रही है, ताकि पात्र लाभुकों को निर्धारित मात्रा में राशन मिल सके। विभाग का उद्देश्य पोषण योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना और वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाना है।

देसी शराब के साथ गिरफ्तार

बारसोई (कटिहार) आससे। आबादपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शिकारपुर कटारी पुल के समीप से 20 लीटर देशी शराब के साथ राजाराम नोनिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।इस संबंध में आबादपुर थानाध्यक्ष मो. शादाब ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक) का कार्यालय
सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–01SBD/2026-27
(राष्ट्रीय/राजकीय स्पर्द्धा)
(केवल –ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
(प्रतिशत दर निविदा)

1– कार्य की विवरणी

क्र0	कार्य की विवरणी	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	बेल्ट्रॉन को देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यार्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Repair and Maintenance work of the canal gates and other components of Mechanical Structures located at various points along the Western Koshi Main Canal 0.35km. and between the 0.4km. And 33.79 km. of the Western Koshi Main Canal (Nepal Portion) under the Jurisdiction of the Chief Engineer (Irrigation Creation), Darbhanga and the Irrigation Mechanical Division, Birpur.	495.23964	9.91	10,000.00	11,800.00	2 माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 23.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि :– दिनांक 17.11.2026 से 25.11.2026 के अपराहन 3.00 बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :– दिनांक 23.11.2026 के 3.00 बजे अपराहन में, मुख्य अभियंता (याँत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.11.2026 को समय 3.30 बजे अप0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड की स्वीकृति के बाद अलग से सूचना दी जायेगी। (www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने का स्थान :– (www.eproc2.bihar.gov.in) पर
8. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक), सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर।
10. ई–निविदा मात्र (www.eproc2.bihar.gov.in) पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014361 (WRD) 2026-27
कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक),
सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
Mob. No.-8210141033
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।